# जे.डी.ए. ने अनाधिकृत पोस्टर एवं बैनरों को हटाया



जोधपुर में जे.डी.ए. ने बिना अनुमति एवं अनाधिकृत लगे फ्लैक्स, पोस्टर एवं बैनर इत्यादि हटाए।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण की सम्पति एवं ओवर हेड ग्रेंट्रिज, साईनेज गेन्ट्री, विभिन्न चौराहों एवं स्थानों पर लोकसभा आम चुनाव-2024 में बिना अनुमति एवं अनाधिकृत रूप से लगाये गए फ्लैक्स, पोस्टर एवं बैनर इत्यादि को हटाने की कार्यवाही नियमित रूप से की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी क्रम में प्राधिकरण ने गुरूवार एवं शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए साईनेज गेन्ट्री पर अवैध रूप से लगे बैनरों को हटाया।

जेडीए सचिव डॉ. हरीतिमा एवं नोडल अधिकारी, उपसचिव व भूमि अवाप्ति अधिकारी जेडीए कंचन राठौड के निर्देशानुसार जेडीए दस्ते ने विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए गेन्ट्रीज के साईनेज पर बिना अनुमति एवं अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टरों एवं बैनरों को हटाने की कार्यवाही की गई। जोधपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षण पश्चिम मय दस्ते ने स्काई लैब की सहायता से 20 से अधिक साईनेज गेन्ट्रीज से अवैध पोस्टरों एवं बैनरों को हटाया। जोधपुर विकास प्राधिकरण की ओर से अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टरों एवं बैनरों को हटाने की कार्यवाही लगातार जारी रखी।

## पाली विकास परिषद् का कवि सम्मेलन संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में राष्ट्रीय स्तर के कवियों की उपस्थिति में लाखोटिया उद्यान रंगमंच प्रांगण में विराट कवि सम्मेलन हुआ। पाली विकास परिषद के तत्त्वावधान में आयोजित हुए इस कवि सम्मेलन में देशभक्ति, हास्य व्यंग्य एवं श्रृंगार रस की रचनाओं की प्रस्तुतियां दी।

इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मंसाराम परमार, पाली पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, नगर परिषद पाली उपसभापति ललित प्रितमानी, समाजसेवी शिवजी प्रजापत, पार्षद विकास बुबकिया, पार्षद राधेश्याम चौहान अतिथि के रूप में उपस्थित रहे

परिषद् के अध्यक्ष प्रमोद भंसाली ने बताया कि लंबे समय से पाली नगर में कवि सम्मेलनों का आयोजन नहीं हुआ है। कवि सम्मेलन समाज की साहित्य चेतना एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण के भावों को जागृत करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परिषद के सचिव गौरव सालेचा ने बताया कि इस कार्यक्रम में अलवर से ओज के लोकप्रिय हस्ताक्षर कवि विनीत चौहान, जयपुर से अशोक चारण, किशोर पारीक, बारां से कवयित्री शिवांगी सिंह सिकरवार, छतरपुर मध्यप्रदेश से अविराम पाठक, जोधपुर से आकाश नौरंगी, पाली से प्रमोद भंसाली उपस्थित रहे। परिषद् के गणपतसिंह राजपुरोहित (बियर्ड क्लब), ईष्वर गौड, डॉ दिलीप सिंह, ताराचन्द टावरी आदि ने भूमिका निभाई।

# आशा सहयोगिनियों ने कलैक्टर को मांगें बताई



पाली में आशा सहयोगिनियों ने जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। शुक्रवार को चिकित्सा विभाग में आशा सहयोगिनी के पद पर अधिन कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर जमा होकर जिला कलैक्टर को बकाया मानदेय देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

लीला प्रजापत ने बताया कि पिछले कई वर्षों से लोकसभा, विधानसभा, नगर परिषद चुनाव में ड्यूटी लगाई जाती है, मगर हमें इसका कोई मानदेय नहीं मिलता, ना कोई टीय डीय नहीं दिया जाता। जबकि सरकारी कर्मचारी व अन्य कर्मचारियों व संविदा कर्मियों को इनका मानदेय टीए- डीए दोनों दिया जाता है।

इसलिए आज हम सभी ने इकट्ठे होकर हमारी मांगों को लेकर जिला कलैक्टर व निर्वाचन अधिकारी एसडीएम को ज्ञापन दिया है।

इस अवसर पर लीला परमार, अनु गहलोत, मोनिका, लाजवंती, रेखा कंवर, सुगना शर्मा, सुमित्रा, आचुकी, पवन, तकसीर, मुशर्रफ जहां, तसलीम, सरोज, तारादेवी, विमला, जसोदा, नूरानी बानो, कृष्णा, संतोष, पुष्पा, रेखा कंवर, रेखा देवी, कन्या देवी, संगीता, निर्मला, जयश्री, अनुराधा, डिंपल, जयश्री वर्मा, रेणुका, रिंकू कंवर, संगीता, नीरु कंवर, शारदा, पिंकी जांगिड़, शालिनी, कान्ता, उनन्ती, आशा, रेखा दवे, स्वीटी, पुष्पा सेन, भाग्यवंती, शारदा, मीना देवी, इंदिरा माली, जगदीप कौर, शगुफ्ता बानो, आसिया बानो, अनीता कंवर, रेखा कंवर, हिना बानो, सुमन सहित सैकड़ों आशा सहयोगिनी उपस्थित रही।

# बंदियों के भोजन की गुणवत्ता बनाए रखें : मीणा



उप कारागृह भीनमाल का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विरेन्द्र कुमार मीणा ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने शुक्रवार को उप कारागृह सांचौर व भीनमाल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित उप कारापाल को निर्देश दिये कि बंदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं रखे। बंदियों को नियमानुसार मिलने वाली सुविधाएं में कोताही नहीं बरते। उन्होंने कहा कि मौसम बदल रहा है। इसलिए समय-समय पर बंदियों के स्वास्थ्य की जांच करवाई जावें, कारागृह में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जावे। जिन बंदियों की पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त नहीं है। उन बंदियों को नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के लिए आवेदन पत्र भरवाकर तालुका विधिक सेवा समिति को को प्रेषित करे। उन्होंने कहा कि जो बंदी खांसी, बुखार, सर्दी आदि से पीडित है। उन्हें अन्य बंदियों से अलग रखा जावे।

उन्होंने उप कारागृह भीनमाल का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उप कारापाल को कहा कि बंदियों के भोजन की गुणवत्ता बनाए रखे। उन्होंने नियमानुसार दी जाने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। उन्होंने कहा कि ऐसे बंदी जिनकी जमानत के आवेदन पेश नहीं किए है उनके आवेदन पेश करवाए। जिन बंदियों की पैरवी के अधिवक्ता नियुक्त नहीं है उनका आवेदन भरकर तालुका विधिक सेवा समिति में भेजा जावे। इसी प्रकार मीणा ने को स्वामी आत्मानंद सेवा संस्थान रानीवाडा की ओर से संचालित वात्सल्य चिल्ड्रन होम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित बालकों से वार्तालाप कर यहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रसोईघर का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## विवेक विहार के भूखण्डों की नीलामी जारी

**जोधपुर**, (कासं)। ई-नीलामी कार्यक्रम माह फरवरी से मई में महत्वपूर्ण योजनाओं के आवासीय, व्यावसायिक भूखण्डों की नीलामी की जा रही है। गुरूवार को आनन्द विहार योजना के 2 भूखण्डों व विवेक विहार आवासीय योजना के 3 भूखण्डों तथा शुक्रवार को विवेक विहार आवासीय योजना के 5 भूखण्डों का विक्रय किया गया। शुक्रवार को भूखण्डों की नीलामी में प्राधिकरण को 40400/-रूपए प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली प्राप्त हुई।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू नीलामी ने बताया कि विवेक विहार आवासीय योजना सेक्टर डी के भू.सं. 127, 473, 474, 487, 498 हेतु नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवा चुके आवेदकों द्वारा सोमवार, 22 अप्रेल को 12:30 बजे तक बोली लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है।

प्रभारी अधिकारी सान्दू ने बताया कि शुक्रवार तक प्राधिकरण को ई-नीलामी के अन्तर्गत भूखण्डों की नीलामी से 31 करोड से अधिक के राजस्व की प्राप्ति हुई है। प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को विवेक विहार आवासीय योजना सेक्टर डी के भू.सं. 499, 510, 511, 525, 526, बुधवार को सेक्टर डी के भू.सं. 540, 570, 571, 577, 578 की नीलामी की जाएगी।

आवेदकों द्वारा नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवा ई-नीलामी में भाग लेते हुए बोली लगायी जा सकती है, ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्ते प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

# अणुव्रत नगर में गांव सांझी का आयोजन किया



पाली में गांव सांझी कार्यक्रम में जैन समाज की महिला मंडलों ने भाग लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। जैन युवा संगठन की ओर से भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में शुक्रवार को अणुव्रत नगर में गांव सांझी का आयोजन किया गया।

गांव सांझी कार्यक्रम में जैन समाज के विभिन्न महिला मंडलों ने भाग लिया एवं 7 टीम बना कर धार्मिक अन्तराक्षरी में भाग लिया। प्रत्येक टीम में दो महिला मंडल ने हिस्सा लिया। टीमों को महावीर के दीवाने, वर्धमान के परवाने, सिद्धार्थ के प्यारे, त्रिशला के दुलारे, चंदना के मस्ताने, गौतम के अफ़साने एवं यशोदा के अनजाने नाम दिया गया। प्रत्येक टीम में 24-24 महिलाओं ने हिस्सा लिया। विभिन्न राउंड को पूरा करते हुए कार्यक्रम पूरा भक्तिमय हो गया।

जैन युवा संगठन के अध्यक्ष राकेश कुंडलिया एवं सचिव कल्पेश लोढा ने बताया कि धार्मिक अन्तराक्षरी के जज उषा अखावत, गरिमा लोढा, अनुपमा गुलेच्छा को बनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी मोतीलाल, कांतिलाल, प्रकाशचंद, राजेश बोहरा परिवार भांवरी वाले ने गांव सांझी अन्तराक्षरी के प्रथम विजेता रहे गौतम के अफ़साने, दूसरे स्थान पर सिद्धार्थ के प्यारे एवं तीसरे स्थान पर त्रिशला के दुलारे को पारितोषिक दिया। वर्षा नाहर एवं रीना मेहता ने धार्मिक सवाल के जवाब ले कर पारितोषिक दिए।

इस कार्यक्रम को सफल संचालन धर्मेश गेमावत एवं राजेश कर्णावट ने किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी महिलाओं को मेहंदी कोंन, मिश्री, रुमाल एवं रक्षा पोटली वितरित की गई।

कार्यक्रम में सफल बनाने में अरिहंत सुंदेशा, हितेश चोपड़ा, संभव सांड, राजेन्द्र जैन, सिद्धार्थ गुलेच्छा, नीलेश सुराणा का योगदान रहा।

जैन युवा संगठन की लेडीज विंग एवं गर्ल्स विंग से सुनैना भंसाली, डिंपल पुंगलिया, रेनू बम्ब, संतोष बाफना, संगीता बालिया, ममता सिंघवी, सिमा कावड़िया स्मिता कवाड़, पूजा बोकाडिया, यशा मालू, गरिमा जैन, मितिषा भण्डारी, प्रीति संचेती, श्वेता सांड के सहयोग से कार्यक्रम हुआ।

## मतदान के प्रति जागरूक किया

**पाली**, (नि.सं.)। लोकसभा आम चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी व नोडल अधिकारी स्वीप नन्दकिशोर राजौरा के निर्देशन में स्वीप गतिविधियों के तहत सात रंगों की थीम पर सतरंगी सप्ताह के तहत शुक्रवार को वॉकाथन का आयोजन किया गया।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी पाली एवं उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार विश्नोई ने बताया कि सतरंगी सप्ताह के तहत आम मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक कर मतदान दिवस के दिन शत प्रतिशत मतदान करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सेवारत मतदाता व सरकारी कार्मिकों की और से "कर्तव्य पथ पर राष्ट्रिहत में" की थीम पर सामुदायिक वॉकाथन का आयोजन किया गया, जिसमें कार्मिकों ने सामुहिक रूप से वॉकाथन किया। यह वॉकाथन कलेक्टर परिसर से रवाना हुई जो अहिंसा सर्किल, कोर्ट चौराहा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सुरजपोल, अम्बेडकर सर्किल होते हुए पुनः कलेक्टर परिसर आकर विसर्जित हुई। जहां पर सभी कार्मिकों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल, नायब तहसीलदार रमेश चन्द्र ननोमा, स्वीप प्रभारी अनिल नामा, मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह परिहार, लोकेश पंवार, अजयपालसिंह, प्रकाश जोशी, शांति चौहान, सीओ स्काउट गोविन्द मीणा, सीओ गाइड डिम्पल दवे, राधेश्याम सोनी, किरण बाला आदि मौजूद रहे। इसी तरह शनिवार, 20 अप्रैल को दिव्यांगजनों की और से "हम भी सक्षम राष्ट्र भी सक्षम" की थीम पर तिपहिया साईकिल रैली होगी।

# भाजपा धर्म व श्रीराम के नाम पर चुनाव जीतने के प्रयास में जुटी : जयराम रमेश

**जोधपुर**, (कासं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केबिनेट मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण करके सत्ता हासिल करना चाहती है और इसके चलते वह जन जन के आराध्य श्रीराम के व्यक्तित्व को भी भुनाकर आमजन के आस्था से खिलवाड़ कर रही है।

वे आज जोधपुर प्रवास पर पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा भाजपा ने सरकारी मशीनरी का उपयोग करके इलेक्टोरल बाण्ड अपने पक्ष में कराकर अब तक का सबसे बड़ा घोटाला किया है।

जिसको छिपाने और दबाने का प्रयास भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के चलते एसबीआई बैंक को इसका खुलासा करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष के लोकसभा चुनाव के दौरान स्थितियां बदल चुकी है और देश की जनता कांग्रेस की ओर से आयोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक और मणिपुर से महाराष्ट्र तक राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गई। अब लोकतंत्रत को बचाने के साथ संविधान को बचाने के लिये इस बार का लोकसभा चुनाव हो रहा है। जिसमे जनता अब भाजपा के जुमले और छलावे में नहीं आयेगी और इस बार भाजपा के जीत के आंकड़ों के मंसूबों पर रोक लगायेगी।

उन्होने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक और अन्य राज्यो में विधानसभा चुनाव के दौरान गारंटी वाला घोषणा पत्र जारी किया और उसके सकारात्मक परिणाम आये तो कांग्रेस ने अपने गांरटी कार्ड के वादे पुरे किये है।

लेकिन अब भाजपा भी मोदी के नाम की गारंटी के नाम पर अपना घोषणा पत्र जारी कर रही है।

जबकि 2014 में मोदी ने जिस महंगाई और बेरोजगारी के नाम पर चुनाव लड़ा था और विदेशो में फंसे धन को लाकर हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख रूपए और युवाओं को रोजगार देने तथा किसानों की आमदगी बढ़ाने के वादे किये लेकिन वो पूरे नहीं किये जबकि महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी वहीं किसानों की आय कम हुई।

उन्होने कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन में 28 पार्टियों ने मिलकर देशभर में अपने उम्मीदवार उतारे है जिसके परिणाम चौकाने वाले होगे। उन्होने कहा कि एक तरफ चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीते दस साल के शासन को अमृतकाल बता रहे है जबकि वो हकीकत में अन्याय काल के रूप में जाना जायेगा।

उन्होने कहा कि कांग्रेस ने अपने गारंटी कार्ड को देश के 25 करोड़ परिवारों में से 8 करोड़ परिवारों तक अपनी पहुंच बनायी है और गत विधानसभा चुनावो में राजस्थान हो और अन्य प्रदेशो में भी कांग्रेस के उम्मीदवारों ने कड़ी टक्कर दी थी और वो ही हालत लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान नजर आयेगी।

उन्होने इलेक्टोरल बांड पर चर्चा करते हुए कहा कि यह राजस्थान में हुए संजीवनी घोटाले से दस गुणा ज्यादा है जिसमे भाजपा ने अपने सत्ता के दम पर सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करके उधोगपतियों और ठेकेदारों को डरा धमका कर चन्दा लेकर धंधा करने की छूट ठेका देकर घूस के रूप में इलेक्टोरल बांड बेचे और हफ्ता वसूली करने के साथ शेयर बाजार में लिस्ट बोगस कंपनियों को भी फायदा पहुंचाया।

उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र में ओपीएस को नहीं जोडऩे के सवाल पर कहा कि कांग्रेस ओपीएस के प्रति गंभीर है और अगर उसकी सरकार बनी तो वो इसको प्राथमिकता से लागू करने का प्रयास करेगी।

राजस्थान में भी लोकसभा चुनाव के दौरान डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद कांग्रेस और उसके गठबंधन के उम्मीदवारों के विजये होने के संकेत दिये।

इस बार 25 सीटो में से कम से कम आधी सीटो पर कांग्रेस जीतेगी और पूरे प्रदेश में कांग्रेस और उसके गठबंधन पार्टियों के उम्मीदवार टक्कर देंगे।

# हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन, जोधपुर के पदाधिकारियों की बैठक एसोसियेशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष रतनाराम ठोलिय़ा ने बताया कि आज आयोजित बैठक में नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प के विक्रय को मोबाईल एप्प द्वारा किये जाने पर आ रही परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए एसोसियेशन द्वारा 27 मार्च .2024 को महानिरीक्षक पंजियन एवं मुद्रांक विभाग, राजस्थान सरकार अजमेर, उपमहानिरीक्षक, पंजियन एवं मुद्रांक विभाग, राजस्थान सरकार, जोधपुर, जिला कलेक्टर, जोधपुर एव रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय को प्रतिवेदन प्रेषित कर निवेदन किया गया था कि वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा पंजियन एवं मुद्रांक विभाग को आनलाईप स्टाम्प विक्रय के आदेश जारी किये।

जिसके तहत पंजियन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा एक आदेश जारी कर सभी स्टाम्प वैडर्स को मोबाईल एप्प के माध्यम से स्टाम्प विक्रय हेतु बाध्य किये जाने हेतु आदेश जारी किये गये हैं लेकिन कई स्टाम्प वैडर्स काफी समय से स्टाम्प विक्रय कर रहे है तथा बुजुर्ग होने से वर्तमान की तकनीकी के जानकारी नहीं होने से मोबाईल एप्प से स्टाम्प विक्रय किया जाना उनके लिए सम्भव नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा स्टाम्प वैडर्स को मोबाईल एप्प के उपयोग की ट्रेनिग भी नहीं दी गई, जिससे स्टाम्प वैडर्स स्टाम्प का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं और न्यायिक कार्य ठप्प हैं। एसोसियेशन द्वारा प्रतिवेदन प्रेषित के पश्चात भी पंजियन विभाग द्वारा आनलाईन व्यवस्था के साथ-साथ पूर्व की भाँति आफलाईन व्यवस्था को जारी रखे जाने का निवेदन करने के बाद भी एसोसियेशन के प्रतिवेदन की अव्हेलना की जा रही जिससे मजबुर होकर एसोसियेशन द्वारा आंदोलन करने का निर्णय लिया जा सकता हैं। इसी क्रम में जोधपुर न्याय क्षेत्र में पिछले काफी महिनों से कोर्ट फीस एव कॉपिग टिकटों की उपलब्धता नहीं होने से अधिवक्ताओं को अधिक मूल्य के स्टाम्प खरीदने पड़ रहे हैं।

वर्तमान किसी भी मुल्य के टिकट उपलब्ध नहीं होने से न्यायिक कार्य बाधित हो रहे हैं, इस संदर्भ में पूर्व में एसोसियेशन द्वारा कई प्रतिवेदन प्रेषित कर निवेदन किया जा चुका हैं कि जोधपुर न्याय क्षेत्र हेतु पर्याप्त रूप से कोर्ट फीस एवं कॉपिंग टिकटों को उपलब्ध करवाया जाये लेकिन आज दिन तक टिकट उपलब्ध नहीं होने से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त हैं। इसलिये शीध्रता से जोधपुर में कोर्ट फीस एवं कॉपिंग टिकट उपलब्ध करवाये जिससे न्यायिक कार्यों में बाधा उत्पन्न नही हो।

आज आयोजित बैठक में एसोसियेशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया, उपाध्यक्ष धौरेन्द्र दाधीच, महासचिव षिवलाल बरवड, सहसचिव विजेन्द्र पुरी, पुस्तकालय सचिव कांता राजपुरोहित, कोशाध्यक्ष विमल कुमार माहेश्वरी उपस्थित थे।

# पानी चोरी रोकने का कार्य जारी

**बाड़मेर**, (निसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग बाड़मेर में गर्मियों की शुरुआत से ही मिशन मोड में चल रहा है। शहर की तंग गलियों से लेकर कच्ची बस्तियों तक निरक्षण के साथ पानी चोरी करने वालो पर कार्यवाही का दौर जारी रखे हुए है।

शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में निरक्षण के दौरान घरों से पानी के व्यर्थ बहने के हालातों को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने लोगो से अपने घरों में फ्लोट वॉल्व लगाने की अपील की है जिससे पानी का अपव्यय रुक सके। शुक्रवार को 28 जल कनेक्शन काटे वही जनता से पानी का अपव्यय करने वालों की शिकायत विभाग के कंट्रोल रूम में करने की अपील की गई है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आई ई सी कॉर्डिनेटर अशोक सिंह ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता विपिन जैन के नेतृत्व में शुक्रवार को महावीर नगर कॉलोनी उच्च जलाश्य पर निर्भर हच टॉवर प्रथम और हच टॉवर तृतीय की जल सप्लाई चेक की गई तथा पानी में क्लोरीन की जांच की गई। जल सप्लाई के दौरान हच टॉवर प्रथम के क्षेत्र में 8 पीएसआई प्रेशर पाया गया व हच टॉवर - तृतीय में 5 पीएसआई प्रेशर पाया गया।

जल सप्लाई के दौरान व्यर्थ पानी बहाने वालों तथा जिनके वाल्व व टूंटी नहीं नहीं लगी हैं उन उपभोक्ताओं को अधिकारीयों द्वारा वाल्व लगाने के लिए व पानी व्यर्थ न बहाने के लिए चेतावनी दी गई। शुक्रवार के निरीक्षण के दौरान 28 जल संबंध काटे गए। जैन ने लोगो से पानी व्यर्थ न बहाने की अपील की है तथा उपभोक्ताओं को अपने जल संबंध पर वाल्व तथा टांके या टंकी में फ्लोट वाल्व लगाने के निर्देश दिए गए।

साथ ही उन्होंने लोगों से विभाग के कंट्रोल रूम में पानी को व्यर्थ बहाने वालों के खिलाफ जलदाय विभाग द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर पर शिकायत दर्ज करवाने की अपील की है। जल सप्लाई के दौरान अधीक्षण अभियंता विपिन जैन, अधिशाषी अभियंता महेश शर्मा, कनिष्ठ अभियंता पवन जांगिड, स्वरूप सिंह तथा जिला आईईसी कॉर्डिनेटर अशोक सिंह, लैब केमिस्ट सत्यनारायण मौजूद रहे।

## सुविधाएं मिलेंगी

**पाली**। लोकसभा आम चुनाव 2024 में कवरेज के लिए मीडिया कर्मियों को निर्वाचन आयोग ने विभिन्न सुविधाए उपलब्ध करवाई है। पाली संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

# पाली संसदीय क्षेत्र के 64 बूथ होंगे महिला बूथ

**पाली**, (नि.सं.)। लोकसभा आमचुनाव-2024 को लेकर पाली संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग सजग व सतर्क है। मतदान के दौरान मतदाताओं को किसी भी तरह की कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ने चाहता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री ने बताया कि पाली संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए पाली संसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभाओं में 2267 मतदान केंद्र बनाए गए है। इनमें से 64 मतदान केंद्रों को महिला मतदान केंद्र बनाए गए। मतदान केंद्र के दिन इन सभी महिला मतदान केंद्रों का प्रबंधन महिलाओं द्वारा किया जाएगा। सभी कार्मिक महिलाओं की नियुक्ति होगी। उन्होंने बताया कि महिला मतदान बूथों में सोजत विधानसभा क्षेत्र में राउप्रावि मगरिया बेरा (बायां भाग) व (दायां भाग) सोजत, राबाउमावि (बायां भाग), (मध्य भाग) व (दायां भाग) सोजत, राउमावि नंबर 01 (बायां भाग), (दायां भाग) सोजत व राउमावि (दायां भाग) सियाट में बनाया गया है। इसी तरह पाली विधानसभा क्षेत्र में स्वामी दयानंद सरस्वती राउप्रावि कमरा नंबर 5 सिंधी कोलोनी पाली, भारतीय विद्या मंदिर उमावि (मध्य भाग) राम नगर पाली, श्री गणेश विद्या मंदिर उमावि (दायां भाग) रजत नगर रामदेव रोड पाली, सर प्रताप बाल निकेतन उमावि शेखों की ढाणी पाली, श्रीमती भूरी बाई सोलंकी बाल निकेतन (दायां भाग) बापूनगर पाली, भारतीय बाल निकेतन उमावि गुरू नगर पाली आदि क्षेत्रों में महिला मतदान केंद्र बनाए गए है।

**आम सूचना**

मै नंबर 2677307 सेवानिवृत सैनिक रेखचंद पुत्र श्री तोलाराम पालीवाल निवासी मकान संख्या- 28 श्रीराम नगर बाडमेर रोड, बीएएफ के सामने जैसलमेर राज. मेरी पुत्री का पाटू आर्डर में त्रुटिवंश नाम बबलू दर्ज हो चुका है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम उमा पालीवाल है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 475456722290 तथा पेन कार्ड संख्या COTPP8326M में दर्ज है। मेरे सर्विस रिकार्ड पाटूआर्डर में उक्त पुत्री के नाम को संशोधित कर उसका सही नाम उमा पालीवाल दर्ज करने की स्वीकृति प्रदान करे जिसकी ताईद में साक्ष्य तौर पर शपथपत्र नोटेरी किया है।